आकाशवाणी केन्द्र शिमला
05.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि राज्य सरकार केंद्र से मिल रही आर्थिक मदद को खर्च करने में विफल रही है। बिलासपुर में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भरपूर मदद मिलने के बावजूद कांग्रेस प्रदेश में इस तरह का माहौल बनाने का प्रयास कर रही है कि केंद्र सरकार हिमाचल की अनदेखी कर रही है। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार की बदौलत प्रदेश में इस समय 25 राष्ट्रीय उच्च मार्गों का कार्य चल रहा है जिनकी कुल लम्बाई 2 हज़ार 5 सौ 92 किलोमीटर है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तहत प्रदेश में चार बड़े कार्य किए जा रहे हैं जिसमें से अधिकतर कार्य वर्ष 2026 और 2027 जबकि शेष कार्य वर्ष–2028 तक पूरे कर लिए जाएंगे।

शुभारंभ

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के तहत 20 ई–टैक्सियों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं और उन्हें सरकारी कार्यालयों से जोड़ कर पांच वर्ष की अवधि के लिए सुनिश्चत आय का साधन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ई–व्हीकल खरीदने पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी दे रही है।

*सरकार ने राजीव गांधी **E-Startup Taxi** योजना की शुरुआत की है। हमने अपने गारंटी में 680 करोड़ रूपये योजना की बात की थी जिसमें प्रथम चरण में **E-Taxi** योजना है। दूसरे में प्राकृतिक खेती की योजना है। तो सब चीजों को एक अमली जामा पहनाकर आत्मनिर्भर हिमाचल की तरफ हम आगे बढ़ रहे हैं। **E-Taxi** योजना एक ऐसी योजना है जो पर्यावरण अनुकूल है। रोजगार अनुकूल है। जिसमें सरकार **E-Taxi** खरीदने के लिए 50 प्रतिशत की सब्सिडी देती है। यानि कि **E-Taxi** अगर 10 लाख रूपये की है तो उसमें 5 लाख रूपये सरकार की तरफ से उपलब्ध होगा।*

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा राज्य इलैक्टोनिक्स विकास निगम के माध्यम से विदेशों में बेहतर वेतन पैकेज के रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि आपदा प्रभावित मंडी जिले में हालात लगातार सामान्य हो रहे हैं। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं जिला प्रशासन से संपर्क में हैं और प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर निरंतर फीडबैक ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि

प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है और इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग ने आगामी कल के लिए भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है और सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे जल्द ही प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे।

**अग्निहोत्री**

इस बीच उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज सराज और नाचन विधानसभा क्षेत्रों के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने पंडोह–बाखली मार्ग पर भूस्खलन से हुई क्षति का जायजा लिया और लोक निर्माण विभाग को क्षेत्र की 14 पंचायतों की यातायात सुविधा बहाल करने के लिए 60 मीटर लम्बा वैली ब्रिज जल्द स्थापित करने के निर्देश दिए। अग्निहोत्री ने बताया कि प्रशासन, राहत कर्मियों और स्थानीय लोगों के सहयोग से पुनर्वास का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में दोपहर बाद हल्की वर्षा हुई है। हालांकि कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का भी समाचार है। मौसम विभाग ने आज से 9 जुलाई तक राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 6 व 7 जुलाई को कांगड़ा, सिरमौर और मण्डी जिलों के लिए भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————————